[Reg. No. 141/98-99] Tel. 9798242235

(विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से संबद्ध)

# लोक शिक्षा समिति, बिहार

एम्बैसडर पैलेस, कलमबाग चौक, मुजफ्फरपुर-842002

E-mail– lokshiksha@gmail.com website– lokshikshasamiti.org

प्रांतीय पत्रक-07/5124 2079 विक्रम संवत दिनांक-20.09.2022

आदरणीय बंधुवर

नमस्कार!

**शारदानि च माल्यानि वासांसि विमलानि च!**
**शरत्काले प्रशस्यते प्रदोषे येन्दुरश्मयः!!**

**भावार्थ**– शरद ऋतु में पुष्पमाला धारण करनी चाहिए, साफ एवं स्वच्छ वस्त्र धारण करना चाहिए तथा रात्रि में चन्द्रमा के प्रकाश का सेवन करना स्वास्थ्य के लिए लाभप्रद है।

**बरसा विगत सरद रितु आई!**
**लक्ष्मन देखहूँ परम सुहाई!!**
**फूलें कास सकलमहि छाई!**
**जनुबरसाकृत प्रगट बुढ़ाई!!!**

**भावार्थ**– वर्षा ऋतु का गमन और शरद ऋतु के शुभागमन का स्वागत एवं पूर्व पुरुषों के पराक्रम एवं उनके शौर्य गाथा को याद करते हुए। शक्ति साधना का पर्व नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाओं के साथ हम सब के लिए नित्य एवं नैमित्तिक करणीय कार्य जो अपेक्षित है एतदर्थ कुछ सूचनाएँ प्रेषित है।।

## विषयानुक्रम

**संपन्न कार्यक्रम**

1. संस्कृति ज्ञान परीक्षा हेतु शुल्क प्रेषण
2. अरुणोदय पत्रिका हेतु शुल्क प्रेषण
3. विभाग स्तरीय प्रश्नमंच प्रतियोगिता
4. क्षेत्र स्तरीय +2 आचार्य कार्यशाला
5. प्रांतीय संस्कृति महोत्सव एवं प्रदर्शनी
6. क्षेत्रीय बालिका शिक्षा परिषद बैठक
7. निबंध प्रतियोगिता
8. सेवा कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग

**आगामी कार्यक्रम**

1. स्वदेशी सप्ताह (25 सितंबर से 02 अक्टूबर)
2. अखिल भारतीय संस्कृत प्रशिक्षण वर्ग
3. प्रांतीय खेलकूद समारोह (एथलेटिक्स)
4. क्षेत्र स्तरीय +2 अंग्रेजी विषयक कार्यशाला
5. क्षेत्रीय खेलकूद समारोह (एथलेटिक्स)
6. प्रांतीय गणित–विज्ञान मेला
7. क्षेत्रीय संस्कृति महोत्सव
8. संकुल स्तरीय विषयशः प्रशिक्षण NEP कार्यशाला
9. क्षेत्रीय गणित–विज्ञान मेला
10. संगणक एवं ई–पाठशाला प्रशिक्षण वर्ग
11. प्रांतीय घोष प्रशिक्षण वर्ग
12. विभाग स्तरीय प्रचार विभाग बैठक
13. विद्या भारती मानक परिषद् व मूल्यांकन
14. प्रांत स्तरीय प्रचार विभाग कार्यशाला

**अन्यान्य**

1. विद्या भारती एवं संघ परिचय
2. पूर्व छात्र पोर्टल
3. मासिक तलपट
4. साप्ताहिक शैक्षिक मूल्यांकन एवं आचार्य मूल्यांकन
5. राशि प्रेषण के संबंध में सूचना

## संपन्न कार्यक्रम

1. **संस्कृति ज्ञान परीक्षा–** दिनांक 04 फरवरी, 2023 को होने वाले संस्कृति ज्ञान परीक्षा के निमित्त आप सबने दिनांक 31 अगस्त, 2022 तक संख्या एवं शुल्क कुरुक्षेत्र प्रेषित कर दिये होंगे। इसकी एक संख्यात्मक वृत भी बनाकर रखेंगे। साथ ही अन्य विद्यालय से भी अधिक–से–अधिक संख्या में सहभागिता हेतु प्रयास कर रहे होंगे।
2. **'अरुणोदय' पत्रिका हेतु शुल्क प्रेषण–** अरुणोदय पत्रिका हेतु शुल्क प्रदेश कार्यालय प्रेषित करने की अंतिम तिथि 31 अगस्त, 2022 थी। अतः ससमय आप सबों ने संख्या एवं शुल्क प्रांत को प्रेषित कर दिए होंगे।
3. **विभाग स्तरीय प्रश्नमंच प्रतियोगिता–** दिनांक 05 सितंबर, 2022 को विभाग स्तरीय प्रश्नमंच प्रतियोगिता सभी विभागों में सम्पन्न हुई। इसमें संस्कृति बोध प्रश्नमंच, विज्ञान प्रश्नमंच, वैदिक गणित प्रश्नमंच, संस्कृत प्रश्नमंच, अंग्रेजी प्रश्नमंच एवं संगणक प्रश्नमंच की प्रतियोगिता करायी गई। इस प्रतियोगिता में 127 विद्यालयों से 2945 भैया–बहनों की सहभागिता रही।

4. **प्रांतीय संस्कृति महोत्सव–** यह महोत्सव प्रांत स्तर पर दिनांक 07 एवं 08 सितंबर, 2022 को सरस्वती विद्या मंदिर, रिंगबाँध, सीतामढ़ी में सम्पन्न हुई। इस महोत्सव में कथा–कथन, त्वरित भाषण, संस्कृति ज्ञान प्रश्नमंच, संस्कृत प्रश्नमंच, अंग्रेजी प्रश्नमंच के साथ ही आचार्य संस्कृति पत्रवाचन भी हुआ। सरस्वती विद्या मंदिर, रिंगबाँध, सीतामढ़ी के भैया–बहनों द्वारा भारतीय संस्कृति पर आधारित बहुत ही सराहनीय प्रदर्शनी 'एक भारत' लगायी गई थी। जिसमें भारत के प्रत्येक प्रांत की वेश–भूषा, भाषा, रहन–सहन, भोजन इत्यादि की झलकियाँ देखने को मिली। इसके साथ एक बड़ा ही मनमोहक रंगमंचीय कार्यक्रम जो भारतीय संस्कृति को दर्शाता है का भी प्रदर्शन वहाँ के भैया–बहनों द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस हेतु सभी भैया–बहन एवं विद्यालय परिवार को साधुवाद। इस महोत्सव में 38 विद्यालयों से 354 भैया–बहन, 06 निर्णायक, 57 आचार्य, 06 समिति सदस्य, 09 पूर्णकालिक तथा 10 अन्य की सहभागिता रही। कुल सहभागिता 442 रही।

5. **क्षेत्र स्तरीय +2 आचार्य कार्यशाला–** क्षेत्रीय योजनानुसार आचार्य विकास को ध्यान में रखते हुए विभिन्न विषयों की कार्यशाला का आयोजन माह–अगस्त एवं सितम्बर–2022 में विषयानुसार संपन्न किया जाना है जिसमें दिनांक 31 अगस्त, 2022 तक की कार्यशाला संपन्न हो चुकी है–

| | | |
|---|---|---|
| 1. 02 से 04 सितंबर | रसायन विज्ञान | सरस्वती शिशु मंदिर, सूर्य मंदिर पथ, औरंगाबाद |
| 2. 06 से 08 सितंबर | भौतिकी | ग.रा.स.सरस्वती विद्या मंदिर, नरगाकोठी, भागलपुर |

संबंधित विषयों के कार्यशाला में क्षेत्रीय एवं प्रांतीय अधिकारियों का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। कार्यशालाओं में लोक शिक्षा समिति से क्रमशः 6 एवं 7 आचार्यों की उपस्थिति रही।

6. **क्षेत्रीय बालिका शिक्षा परिषद बैठक–** यह बैठक 09 से 11 सितंबर, 2022 तक गणपत राय सलारपुरिया सरस्वती विद्या मंदिर, नरगाकोठी, भागलपुर में सम्पन्न हुई। इस बैठक में उत्तर बिहार से कुल उपस्थिति 14 रही।

7. **निबंध प्रतियोगिता–** दिनांक 14 सितंबर, 2022 को हिन्दी दिवस के अवसर पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन विद्यालय स्तर पर किया गया। इसमें भैया–बहनों की अधिकाधिक सहभागिता रही होगी। चयनित प्रविष्टियाँ प्रांत को प्रेषित की जा चुकी होगी। जिन्होंने अभी तक चयनित प्रविष्टियाँ प्रदेश कार्यालय नहीं भेजी है, वे अविलम्ब प्रदेश कार्यालय भेजने का कष्ट करें।

8. **सेवा कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग–** दिनांक 14 से 16 सितंबर, 2020 को सेवाकार्य के तहत संस्कार केन्द्र संचालन तथा आचार्य प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन जिला निरीक्षक श्री कृष्ण कुमार प्रसाद तथा जिला निरीक्षक श्री प्रमोद कुमार ठाकुर जी के दिशा–निर्देशन में हुआ। इस प्रशिक्षण वर्ग में प्रशिक्षुओं की संख्या 75 रही। आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि उनके माध्यम से पुनः कोरोना काल के पूर्व स्थिति को प्राप्त कर सकेंगे।

## आगामी कार्यक्रम

1. **स्वदेशी सप्ताह–** पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती (25 सितंबर) से महात्मा गाँधी की जयंती (02 अक्टूबर) तक हमें स्वदेशी सप्ताह के रूप में मनाना है। इस निमित्त स्वदेशी वस्तुओं से संबंधित प्रदर्शनी विद्यालय में लगाना अपेक्षित है। साथ ही स्वदेशी वस्तुओं की सूची बनाकर भैया–बहन एवं परिवार में भेजना है और उनसे स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग का आग्रह भी करना है।

2. **अखिल भारतीय संस्कृत प्रशिक्षक प्रशिक्षण वर्ग–** यह प्रशिक्षण वर्ग दिनांक 25 से 29 सितंबर, 2022 तक महाशय चूनीलाल बाल मन्दिर, हरिनगर, दिल्ली में निर्धारित है। व्यवस्था शुल्क रुपये 1000/– प्रति प्रतिभागी आचार्य है। इस प्रशिक्षण वर्ग में प्रांत के विषय प्रमुख, सह प्रमुख तथा विभाग प्रमुख अपेक्षित हैं। मार्गव्यय कार्यक्रम स्थल से प्राप्त होगा। आचार्यों की सहभागिता अनिवार्य रूप से होना चाहिए। इस आशय का पत्रक भेजा जा चुका है। इस हेतु आप सभी पूर्ण तैयारी के साथ आवें।

3. **प्रांतीय खेलकूद समारोह (एथलेटिक्स)–** यह समारोह अपरिहार्य कारणों से पूर्व की तिथि 27 से 29 सितंबर, 2022 के स्थान पर दिनांक 10 से 12, अक्टूबर, 2022 तक सरस्वती विद्या मंदिर, मोतीबाग, किशनगंज में निर्धारित है। अतः नयी तिथि के अनुसार अपनी योजना बनायें। व्यवस्था शुल्क रुपये 500+100=600/– प्रति प्रतिभागी भैया–बहन है। संरक्षक आचार्यों का शुल्क रुपये 500/– निर्धारित है। प्रथम दिवस दोपहर भोजन पूर्व आगमन एवं अंतिम दिवस दोपहर भोजनोपरांत प्रस्थान हो सकेगा। इससे संबंधित पत्रक शीघ्र ही प्रेषित की जाएगी।

4. **क्षेत्र स्तरीय +2 आचार्य कार्यशाला–** क्षेत्रीय योजनानुसार आचार्य विकास को ध्यान में रखते हुए विभिन्न विषयों की कार्यशाला का आयोजन माह–अगस्त एवं सितम्बर–2022 में विषयानुसार संपन्न किया जाना है। अभी तक लेखा, बी.एस.टी, जीव–विज्ञान, गणित, रसायन तथा भौतिकी विषयक कार्यशाला सम्पन्न हो चुकी है। जिसमें इन विषयों से संबंधित आचार्यों की सहभागिता रही। केवल अंग्रेजी विषयक कार्यशाला होना बाकी है और इस हेतु दिनांक एवं स्थान निम्नवत् है–

23 से 25 सितंबर, 2022– अंग्रेजी विषय की कार्यशाला– यह कार्यशाला महावीरी सरस्वती विद्या मंदिर, विजयहाता, सीवान में आयोजित है। इस कार्यशाला में झारखण्ड, दक्षिण बिहार एवं उत्तर बिहार के +2 में अंग्रेजी

विषय को पढ़ाने वाले आचार्य अपेक्षित हैं। अपने यहाँ से सभी +2 विद्यालय से शत–प्रतिशत उपस्थिति हो, ऐसी अपेक्षा है। व्यवस्था शुल्क रुपये 600/– प्रति प्रतिभागी है। मार्गव्यय अपने विद्यालय से देय होगा।

5. **क्षेत्रीय खेलकूद समारोह (एथलेटिक्स)–** यह समारोह अब नयी तिथि के अनुसार दिनांक 12 से 14 अक्टूबर, 2022 तक सरस्वती विद्या मंदिर, मोतीबाग, किशनगंज में आयोजित है। प्रांत स्तर पर प्रथम तथा द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले भैया–बहन इसमें भाग ले सकेंगे। व्यवस्था शुल्क रुपये 600+100=700/– प्रति प्रतिभागी भैया–बहन है। संरक्षक आचार्यों का शुल्क रुपये 600/– है। आगमन प्रथम दिवस दोपहर भोजन पूर्व एवं प्रस्थान तृतीय दिवस भोजनोपरांत होगा। आप सभी पूर्ण तैयारी के साथ आवें।

6. **प्रांतीय गणित–विज्ञान मेला–** यह मेला प्रांत स्तर पर नयी तिथि के अनुसार अब दिनांक 16 से 18 अक्टूबर, 2022 तक महावीरी सरस्वती विद्या मंदिर, विजयहाता, सीवान में आयोजित है। व्यवस्था शुल्क रुपये 550+50=600/– प्रति प्रतिभागी भैया–बहन है। संरक्षक आचार्यों का शुल्क रुपये 550/– है। आगमन प्रथम दिवस दोपहर भोजन पूर्व एवं प्रस्थान तृतीय दिवस भोजनोपरांत होना है। इसमें विज्ञान प्रश्नमंच, विज्ञान प्रदर्श, गणित प्रश्नमंच, गणित प्रदर्श, संगणक प्रश्नमंच एवं आचार्य पत्रवाचन प्रतियोगिता होनी है। इस निमित्त आप सभी पूर्ण तैयारी के साथ आवें।

7. **क्षेत्रीय संस्कृति महोत्सव–** यह महोत्सव क्षेत्र स्तर पर दिनांक 15 एवं 16 अक्टूबर, 2022 को सरस्वती विद्या मंदिर, मधुपुर, झारखण्ड में आयोजित है। इसमें प्रांत स्तर पर प्रथम तथा द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले संस्कृति ज्ञान प्रश्नमंच, संस्कृत प्रश्नमंच, पत्रवाचन एवं आचार्य पत्रवाचन की प्रतियोगिता होगी। व्यवस्था शुल्क रुपये 400+50=450/– प्रति प्रतिभागी भैया–बहन है। संरक्षक आचार्य का शुल्क रुपये 400/– निर्धारित है। आगमन प्रथम दिवस दोपहर भोजन पूर्व एवं प्रस्थान द्वितीय दिवस भोजनोपरांत होना है। इस हेतु आप सभी पूर्ण तैयारी के साथ आवें।

8. **क्षेत्रीय गणित–विज्ञान मेला–** यह मेला क्षेत्र स्तर पर दिनांक 19 से 21 अक्टूबर, 2022 तक सरस्वती विद्या मंदिर, औरंगाबाद में आयोजित है। व्यवस्था शुल्क रुपये 600+100=700/– प्रति प्रतिभागी भैया–बहन है। संरक्षक आचार्य का शुल्क रुपये 600/– है। आगमन प्रथम दिवस दोपहर भोजन पूर्व एवं प्रस्थान अंतिम दिवस भोजनोपरांत होना है। इसमें प्रांत स्तर पर प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त भैया–बहन अपेक्षित हैं। जिसमें गणित एवं विज्ञान संबंधी सभी प्रतियोगिताएँ होंगी तथा आचार्य तथा भैया–बहनों का पत्रवाचन भी होगा। इस हेतु आप सभी तैयारी के साथ आवें।

9. **संकुल स्तरीय विषयशः प्रशिक्षण वर्ग सह NEP-2020 कार्यशाला–** यह प्रशिक्षण सह कार्यशाला नवंबर माह में संकुल स्तर पर विषयशः संपन्न होना है तथा साथ ही NEP-2020 कार्यशाला का भी प्रशिक्षण भी संपन्न करना है। एतदर्थ इसकी योजना एवं व्यवस्था संकुल एवं विभाग प्रमुख द्वारा निर्धारित की जाएगी। इस प्रशिक्षण में सभी आचार्यों की सहभागिता अनिवार्यरूपेण होना है।

10. **संगणक एवं ई–पाठशाला प्रशिक्षण वर्ग–** यह प्रशिक्षण प्रांत स्तर पर दिनांक 05 से 10 नवंबर, 2022 तक शिवालय आचार्य प्रशिक्षण विद्यालय, विष्णुपुर, बघनगरी, मुजफ्फरपुर में आयोजित है। इस वर्ग में ई–पाठशाला एवं संगणक विषय के आचार्य की सहभागिता अनिवार्य है। व्यवस्था शुल्क रुपये 1000/– प्रति प्रतिभागी आचार्य है। आगमन प्रथम दिवस दोपहर भोजन पूर्व एवं अंतिम दिवस द्वितीय दिवस भोजनोपरांत होना है। मार्गव्यय एवं व्यवस्था शुल्क विद्यालय से देय होगा। इस हेतु आप सभी पूर्ण तैयारी के साथ आवें।

11. **प्रांतीय घोष प्रशिक्षण वर्ग–** यह प्रशिक्षण वर्ग दिनांक 18 से 22 नवंबर, 2022 तक शिवालय आचार्य प्रशिक्षण विद्यालय, विष्णुपुर, बघनगरी, मुजफ्फरपुर में आयोजित है। इसमें प्रत्येक विद्यालय से कम–से–कम एक आचार्य जिनकी रूचि घोष वादन में है, अपेक्षित हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष की तैयारी हेतु यह घोष प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया जा रहा है। व्यवस्था शुल्क रुपये 1000/– प्रति प्रतिभागी आचार्य है। आगमन प्रथम दिवस दोपहर भोजन पूर्व तथा अंतिम दिवस दोपहर भोजनोपरांत गमन हो सकेगा। इस हेतु प्रशिक्षण वर्ग में अपने वाद्ययंत्रों के साथ आचार्य की उपस्थिति होनी चाहिए।

12. **विभाग स्तरीय प्रचार–विभाग बैठक–** प्रचार–प्रसार की दृष्टि से यह बैठक विभाग स्तर पर आयोजित की गई है। सीवान विभाग की बैठक पूर्व में ही संपन्न हो चुकी है। अब यह बैठक अन्य 07 विभागों में निम्नलिखित तिथियों के अनुसार संपन्न कराना है। विभागानुसार दिनांक एवं स्थान निम्नानुसार है–

| विभाग | दिनांक | स्थान |
|---|---|---|
| 1. पूर्णिया विभाग | दिनांक 27 सितंबर, 2022 | गंगा सरस्वती शिशु मंदिर, फारबिसगंज |
| 2. चम्पारण विभाग | दिनांक 10 अक्टूबर, 2022 | सरस्वती शिशु मंदिर, सटहाँ |
| 3. दरभंगा विभाग | दिनांक 18 अक्टूबर, 2022 | सरस्वती शिशु मंदिर, रघौली |
| 4. सीतामढ़ी विभाग | दिनांक 19 अक्टूबर, 2022 | सरस्वती बालिका विद्या मंदिर, कोट बाजार |
| 5. बेगुसराय विभाग | दिनांक 20 अक्टूबर, 2022 | सरस्वती शिशु मंदिर, शाहपुर पटोरी |
| 6. कोसी विभाग | दिनांक 21 अक्टूबर, 2022 | चमेली देवी सरस्वती शिशु मंदिर, बिहारीगंज |
| 7. मुजफ्फरपुर विभाग | दिनांक 10 नवम्बर, 2022 | सरस्वती विद्या मंदिर, सदातपुर |

व्यवस्था शुल्क रुपये 200/– प्रति प्रतिभागी है। इस बैठक में विभाग के सभी विद्यालयों के प्रचार प्रमुख एवं सह प्रमुख अपेक्षित हैं। संबंधित विद्यालय बैठक की व्यवस्था करने का कष्ट करेंगे।

13. **विद्या भारती मानक परिषद मूल्यांकन–** प्रांत स्तर पर मानक परिषद् द्वारा विद्यालय का मूल्यांकन होना है। मूल्यांकन हेतु मूल्यांकनकर्ता का चयन किया गया है। विद्यालयानुसार दिनांक, स्थान तथा मूल्यांकनकर्ता के नाम निम्नलिखित हैं–

1. 04 एवं 05 नवंबर–2022 स.वि.मंदिर,किशनगंज श्री विश्वबिहारी श्रीवास्तव, प्रधानाचार्य, स.वि.मंदिर, सदातपुर, मुजफ्फरपुर एवं श्री राजेश कुमार वर्मा, सहायक प्राध्यापक, भारती शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, सदातपुर मुजफ्फरपुर
2. 16 एवं 17 नवंबर, 2022 स.वि.मंदिर,नरकटियागंज श्री मिथिलेश कुमार सिंह, पूर्णकालिक, लोक शिक्षा समिति, बिहार एवं श्री मनोज कुमार सिंह, प्रधानाचार्य, सरस्वती विद्या मंदिर, बिहारीगंज
3. 17 एवं 18 नवंबर, 2022 स.वि.मंदिर,कैटोला श्री ललित कुमार राय, पूर्णकालिक, लोक शिक्षा समिति, बिहार एवं श्री ज्ञानेश्वर श्रीवास्तव, आचार्य, श्रीरानी सरस्वती विद्या मंदिर, फारबिसगंज
4. 20 एवं 22 नवंबर, 2022 स.वि.मंदिर,बटहा श्री मिथिलेश कुमार सिंह, पूर्णकालिक, लोक शिक्षा समिति, बिहार एवं श्री आशुतोष कुमार मिश्र, प्रधानाचार्य, श्रीरानी सरस्वती विद्या मंदिर, फारबिसगंज
5. 05 एवं 06 दिसंबर, 2022 स.वि.मंदिर,महाराजगंज श्री नागेन्द्र कुमार तिवारी, प्रधानाचार्य, सरस्वती विद्या मंदिर, मोतीबाग, किशनगंज एवं श्री लखीन्द्र कुमार सिंह, आचार्य, सरस्वती विद्या मंदिर, बरवतसेना, बेतिया

14. **प्रांत स्तरीय प्रचार विभाग कार्यशाला–** यह बैठक दिनांक 14 एवं 15 नवम्बर, 2022 को शिवालय आचार्य प्रशिक्षण विद्यालय, विष्णुपुर, बघनगरी, मुजफ्फरपुर में आयोजित है।व्यवस्था शुल्क रुपये 400/– प्रति प्रतिभागी है। इस बैठक में प्रचार विभाग के प्रांतीय टोली के कार्यकर्ता एवं विभाग प्रचार प्रमुख व सह प्रमुख अपेक्षित हैं। संबंधित विद्यालय बैठक की व्यवस्था करने का कष्ट करेंगे।

## अन्यान्य

1. **विद्या भारती एवं संघ परिचय–** इस विषय हेतु जानकारी क्रमशः सभी पत्रकों में दी जा रही है। आग्रह है कि विद्यालय स्तर पर वर्ष में दो बार प्रबोधन कार्यक्रम जिसमें भैया–बहनों एवं आचार्यों का 'संघ और विद्या भारती' से परिचय हो, इस दृष्टि से आयोजित करना है। इस निमित्त अभी से ही योजना करें।
2. **पूर्व छात्र पोर्टल–** इस विषय हेतु जानकारी क्रमशः सभी पत्रकों में दी जा रही है। आग्रह है कि दशम एवं द्वादश से जाने वाले छात्रों का पंजीयन पूर्व छात्र पोर्टल पर हो जाये। इसे अनिवार्य रूप से करें।
3. **मासिक तलपट–** प्रत्येक विद्यालय में मासिक तलपट बने तथा इसके बाद ही आचार्यों का मानधन बने, ऐसी अपेक्षा है। तलपट प्रांतीय कार्यालय प्रेषित करें ताकि आय–व्यय की शुचिता बनी रहे।
4. **साप्ताहिक शैक्षिक मूल्यांकन–** विद्यालय स्तर पर शैक्षिक गुणवत्ता में सतत् विकास हेतु साप्ताहिक मूल्यांकन का कार्य हो ताकि भैया–बहनों का शैक्षिक विकास हो सके। साथ ही मासिक आचार्य मूल्यांकन के द्वारा आचार्यों में भी शैक्षिक विकास हो जिसके आधार पर आचार्य सम्मान कार्यक्रम किया जा सके। आचार्य मूल्यांकन के आधार पर प्रधानाचार्य का भी मूल्यांकन अपेक्षित है। शैक्षिक गुणवत्ता विद्यालय का आधार है। इसका व्यवस्थित स्वरूप बनाएँ।
5. **राशि प्रेषण के संबंध में सूचना–**

**विगत् कई वर्षों से देखा जा रहा है कि प्रांत को भेजी जाने वाली राशि का प्रेषण व्यक्तिगत बैंक खाता के विभिन्न स्रोतों यथा**–UPI, Payphone, google pay **आदि माध्यमों से भेजा जा रहा है। राशि का प्रेषण विद्यालय के बैंक खाता से** NEFT, RTGS **अथवा** Cross Cheque **के द्वारा ही करें। इस प्रकार संस्थागत राशि को अपने व्यक्तिगत बैंक खाता में लेकर संस्था के बैंक खाता में भेजना आर्थिक अपराध है। आग्रह है कि प्रदेश कार्यालय को किसी भी प्रकार की भेजी जाने वाली छोटी-से-छोटी राशि भी सीधे विद्यालय के बैंक खाता से भेजें, अपने व्यक्तिगत बैंक खाता से नहीं।**

इसी विश्वास व मंगलकामना के साथ-

यह पत्रक whatsapp, email, website के माध्यम से प्रेषित की जा रही है। प्रधानाचार्य जी इसकी एक प्रति अपने सचिव महोदय के अवलोकनार्थ व समिति बैठक में सूचनार्थ संप्रेषित करेंगे तथा दूसरी प्रति को अपने आचार्य बंधु–भगिनी के अवलोकनोपरांत इसके क्रियान्वयन की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे तथा सभी से हस्ताक्षर करा लेंगे।

*इति शुभम् !*

*भवदीय*

*(मुकेश नंदन)*
*प्रदेश सचिव*